

प्रकाशन का
107 वाँ वर्ष

आज

3 रूपये मात्र



लखनऊ, रविवार 15 नवम्बर, 2026 | Online Edition : www.ajhindidaily.com | नगर संस्करण पृष्ठ-12 | मूल्य 3.00 रुपये

वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, (मध्य प्रदेश संस्करण), कानपुर, (झांसी संस्करण), लखनऊ , आगरा, बरेली, पटना, रांची, (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित



भारत में 2014 में खत्म कर दिया गया था लोकतन्त्र-राहुल

हैदराबाद (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत सम्मेलन 2026 के समापन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव और निर्वाचन आयोग को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का भी जिक्र किया। राहुल गांधी ने कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव में जिन 14 करोड़ लोगों ने वोट दिया था, कुछ महीने पहले उन्हें या तो ऐसा मतदाता बताया गया जिसका कोई अस्तित्व नहीं था या फिर ऐसा व्यक्ति बताया गया जिसने वोट ही नहीं दिया था। अगर निर्वाचन आयोग ने 14 करोड़ मतदाताओं को अवैध गैर-मतदाता घोषित कर दिया है, तो फिर वह चुनाव वैध कैसे हो सकता है? उन्होंने आगे कहा महाराष्ट्र इसका एक उदाहरण है। वहां पहले लोकसभा चुनाव हुआ। हमारे गठबंधन ने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। लेकिन तीन महीने बाद ही हम बुरी तरह हार गये। जब हमने इसकी बारीकियों को देखना शुरू किया, तो पाया कि दोनों चुनावों में हमें बिल्कुल बराबर वोट मिले थे। तीन महीने में 70 लाख नये मतदाता जुड़ गये। इन सभी 70 लाख मतदाताओं ने भाजपा को वोट दिया। इसके बाद भाजपा चुनाव जीत गयी। राहुल गांधी ने कहा, 2014 में हमने एक बिल्कुल नया चुनाव देखा। ऐसा चुनाव हमने पहले कभी नहीं देखा था। राजनीतिक व्यवस्था में लाखों-करोड़ों डॉलर लगाये गये। जिस चुनावी व्यवस्था का इस्तेमाल करीबी मुकाबलों और गठबंधन की राजनीति के लिए किया जाता था, उसे अचानक पूरी तरह बदल दिया गया। अगर मैं यह कहूं कि विपक्ष इस बदलाव से हैरान नहीं था, तो यह झूठ होगा। उन्होंने कहा कि एक दशक तक भारतीय राजनीति में यह संकट बना रहा। फिर अचानक हमें पता चला कि आखिर क्या हो रहा था। हमने इसका पता लगाया और बिना किसी संदेह के साबित किया कि 2014 में भारत में लोकतंत्र को खत्म कर दिया गया था। भारत सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आपको कारोबार के शीर्ष पदों पर ऐसे लोग मिलेंगे। शिक्षा जगत में भी ऐसे लोग मिलेंगे। वे ऐसा दिखाते हैं, जैसे उन्हें सब कुछ पता है। राजनीति में हम उन्हें फासीवादी कहते हैं।

कहा-14 करोड़ मतदाता अवैध होनेपर वैध कैसे हो सकता है चुनाव

कांग्रेस ने यूपी में सपा से मांगी 181 सीटें

नयी दिल्ली (आससे)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे की चर्चा तेज हो गई है। इस बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने खुलासा किया है कि कांग्रेस ने विधानसभा की 403 सीटों में से 181 सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग की है। उन्होंने ये बातें शनिवार को नयी दिल्ली में आयोजित एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम में कहीं। सीटों की मांग को लेकर पूछे गए सवाल पर अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस ने 100 सीटों से अधिक की मांग की है। जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस ने 200 सीटें मांगी हैं, तो उन्होंने कहा कि इससे कुछ कम। इसके बाद 180 सीटों के सवाल पर मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा 180 में एक और जोड़ लीजिए। उनके इस बयान से कांग्रेस की ओर से 181 सीटों की मांग किए जाने का संकेत मिला। सपा और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर 17 नवंबर को बैठक होने की संभावना है। हालांकि, सीटों की संख्या पर अंतिम फैसला होना बाकी है। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने 12 दिसंबर को अयोध्या जाने के अपने कार्यक्रम की भी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हालिया चुनाव में अयोध्या के लोगों से जो आशीर्वाद मिला है, उसका धन्यवाद देने वहां जाना पड़ेगा।

यूपी में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण-योगी

शहीद के परिवारों को 50 लाख की सहायता, वीरता पुरस्कार राशि होगी दोगुनी

मेरठ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ के कुलवंत सिंह स्टेडियम में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मान रैली को संबोधित करते हुए सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार की योजनाओं का ब्योरा दिया। उन्होंने शहीद सैनिकों के परिवारों को मिलने वाली अनुग्रह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किये जाने, अग्निवीरों को विभिन्न विभागों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण और पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसरों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों और उनके परिवारों की चिंता करना किसी भी सरकार का पहला दायित्व होना चाहिए। वर्दीधारियों का सम्मान डबल इंजन सरकार का संकल्प है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले शहीद सैनिकों के परिवारों को 20 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाती थी। प्रदेश सरकार ने इसे बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया है। उनके अनुसार, अब तक 150 शहीद परिवारों को 59 करोड़ 50 लाख रुपये की सहायता दी जा चुकी है। वर्ष 2018 में शहीद के आश्रित को सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था भी लागू की गयी। मुख्यमंत्री ने शहीदों की स्मृति में किये गये कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में 200 स्मारक, 61 स्मृति द्वार और 78 प्रतिमाएं स्थापित की गयी हैं। इसके अलावा 21 विद्यालयों, 48 सड़कों और तीन स्टेडियम का नामकरण शहीद सैनिकों के नाम पर किया गया है। मुख्यमंत्री ने अग्निवीरों के लिए लागू आरक्षण व्यवस्था का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सेना में सेवा पूरी करने के बाद लौटने वाले अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस, कारागार विभाग, वन विभाग और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है। सीएम ने कहा कि सेना के अनुशासन और प्रशिक्षण से तपकर आने वाले नौजवान उत्तर प्रदेश पुलिस और शासन की ताकत बनेंगे। उन्होंने पूर्व सैनिकों के अनुभव को भी प्रदेश के विकास में उपयोगी बताया। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2021 में समूह 'ख' के पदों पर पूर्व सैनिकों के लिए पांच प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया।



भारत अंडर-19 एशिया कप विजेता, मोदी ने दी बधायी



नई दिल्ली। भारत ने अल अमेरात ओमान में अण्डर-19 एशिया-कप के फाइनल में रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को एक विकेट से पराजित करके नौवीं बार खिताब जीत लिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी कर 338 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में भारत ने अन्तिम गेंद तक चले मुकाबले में नौ विकेट खोकर 339 रन बनाकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। इस जीत के साथ ही विजेता भारतीय टीम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित क्रिकेट खिलाड़ियों, प्रशंसकों की बधायी का तांता लग गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओमान में अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए कहा कि युवा खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देश के कई युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करेगा। मोदी ने सोशल मीडिया मंच %एक्स% पर एक पोस्ट में युवा क्रिकेटरों की उपलब्धि पर गर्व जताया और भविष्य के लिए टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा भारतीय क्रिकेट के लिए शानदार दिन! आज के प्रभावशाली प्रदर्शन और पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2026 का खिताब जीतने पर मुझे अपने युवा क्रिकेटरों पर बेहद गर्व है।

